# यूपी का निर्यात चार साल में 38% बढ़ा: सिद्धार्थनाथ

## वाणिज्य उत्सव

**राज्य मुख्यालय | विशेष संवाददाता**

आजादी के अमृत महोत्सव के तहत आयोजित दो दिवसीय वाणिज्य उत्सव का बुधवार को दूसरा दिन था। इस दौरान प्रदेश में निर्यात क्षेत्र में महत्वपूर्ण भूमिका निभाने वाले 71 शीर्ष निर्यातकों को वर्ष 2019-20 व 2020-21 के राज्य निर्यात पुरस्कारों से सम्मानित किया गया।

इस दौरान प्रदेश के सूक्ष्म, लघु, मध्यम उद्यम एवं निर्यात प्रोत्साहन विभाग के मंत्री सिद्धार्थनाथ सिंह ने कहा कि 20 से 26 सितंबर तक देश भर में आयोजित होने वाले वाणिज्य सप्ताह में देश के आर्थिक विकास में उद्यमियों व निर्यातकों के योगदान को सराहा गया है। उन्होंने कहा कि बीते चार साल में प्रदेश के निर्यात में 38 प्रतिशत की बढ़ोतरी हुई है। अगले एक साल में अनेक अंतर्राष्ट्रीय प्रदर्शनियां आयोजित होंगी। सिद्धार्थनाथ सिंह, राज्यमंत्री चौ. उदयभान सिंह ने वर्ष 2019-20 व 2020-21 के सर्वश्रेष्ठ निर्यातक पुरस्कार से बाराबंकी के मैसर्स हर्बोकेम इंडस्ट्रीज को दिया। अन्य उत्पाद श्रेणी में प्रथम पुरस्कार झांसी के मैसर्स पीतांबरा बुक्स प्राइवेट लिमिटेड को मिला। दोनों वर्षों के लिए 71 निर्यातकों को पुरस्कृत किया गया।



प्रदेश के निर्यात प्रोत्साहन विभाग के मंत्री सिद्धार्थनाथ सिंह ने बुधवार को 71 शीर्ष निर्यातकों को सम्मानित किया।